





# गूंजे मंगल गीत, बैलगाड़ी से निकाली बारात रही आकर्षण का केंद्र

## ऐतिहासिक आयोजन, भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में कन्याओं का भव्य नि :शुल्क सामूहिक विवाह संपन्न

**सोयतकलां, 21 फरवरी. संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी सोयत कला में एक भव्य, ऐतिहासिक एवं सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला निशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन अत्यंत गरिमा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ. क्षेत्र के किसानों, समाजजनों एवं विभिन्न संगठनों के सहयोग से 11 आर्थिक रूप से कमजोर अक्षम कन्याओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया.**

भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम की शुरुआत नगर स्थित बालाजी मंदिर से हुई, जहां से दूल्हों की बारात बैलगाड़ियों के माध्यम से पारंपरिक अंदाज में निकाली गई. ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और मंगल गीतों की मधुर धुनों के बीच सजी-धजी बारात जब नगर के मुख्य मार्गों से होकर कृषि उपज मंडी प्रांगण की ओर बढ़ी तो पूरा नगर उत्सव में सराबोर नजर आया. महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, युवा एवं बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य कर रहे थे. जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया. इस भव्य शोभायात्रा ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और ग्रामीण जीवन की सादगी का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया.



### हजारों लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुए विवाह

कृषि उपज मंडी प्रांगण में विशाल पांडाल सजाया गया था, हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे. वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के बीच 11 जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया. पूरा वातावरण शंख ध्वनि, पुष्पवर्षा और मंगलकामनाओं से गूंज उठा.

### अखिल भारतीय से ग्राम स्तर तक का संगम

इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर से लेकर प्रांत, जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर तक के पदाधिकारी उपस्थित रहे. विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों एवं पत्रकार बंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया. कार्यक्रम के सूत्रधार अखिल भारतीय अधिकारी राजेंद्र पालीवाल ने आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा, विवाह योग्य जोड़ों की जानकारी एवं सामाजिक सहयोग की विस्तृत जानकारी मंच से प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज के सामूहिक प्रयास और सेवा भावना का परिणाम है. अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश जी कुलकर्णी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक सीमा पर जवान और खेत पर किसान डटा है, तब तक देश को कोई खतरा नहीं हो सकता. उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज में समरसता और सहयोग की भावना बढ़ाने वाला बताया तथा क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं को कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया. क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने सामाजिक समरसता को मजबूत करने हेतु ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया. संत हरी नारायण जी वैष्णव खिलचीपुर ने अपने आशीर्वचन में नवविवाहित कन्याओं को नए जीवन की जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए उन्हें स्नेह, सेवा और संस्कारों के साथ गृहस्थ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा दी. उन्होंने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं तथा सभी संगठनों से समाजहित में ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आह्वान किया.

### सेवा, समर्पण और समरसता का संदेश...

पूरा आयोजन अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक एकता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया. किसानों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न यह सामूहिक विवाह सम्मेलन न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनाए बल्कि समाज में भाईचारे, संस्कार और सहयोग की भावना को भी सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ. सोयतकलां की इस ऐतिहासिक पहल ने यह संदेश दिया कि जब समाज संगठित होकर आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से संभव है.

## एक नजर में

### डायवर्सन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर वेयरहाउस एवं सोया प्लांट सील

**शाजापुर, 21 फरवरी.** कलेक्टर ऋजु बाफ्ना के मार्गदर्शन में डायवर्सन की राशि की वसूली संबंधी कार्यवाही निरंतर जारी है. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर राजकुमार हलधर द्वारा कार्यवाही करते हुए मां भगवती वेयरहाउस के प्रबंधकध्स्वामी द्वारा डायवर्सन की बकाया लगभग 6 लाख रुपये की राशि जमा नहीं करने पर उनके वेयर हाउस को सील कर दिया गया. इसी प्रकार शुजालपुर आष्टा मार्ग पर स्थित अडानी सोया प्लांट पर भी डायवर्सन की राशि बकाया होने के कारण सील करने की कार्यवाही की गई. साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित मामले में शुजालपुर मंडी स्थित राजस्थान स्वीट्स से एक लाख 50 हजार रुपये की बकाया राशि की वसूली की गई. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर हलदर ने बताया कि डायवर्सन के समस्त बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी और राशि जमा नहीं करने वालों की संपत्ति को सील किया जाकर नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही भी की जायेगी. तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया तहसीलदार श्री विष्णु प्रसाद प्रजापति द्वारा डायवर्सन वसूली की कार्यवाही करते हुए आज हरे कृष्ण पेट्रोल पम्प ग्राम पवाड़िया के प्रबंधक स्वामी द्वारा डायवर्सन की बकाया राशि 1862 रूपये जमा नहीं करने पर कुर्की वारंट जारी किया गया. कुर्की की कार्यवाही के लिए उपस्थित होने पर प्रबंधक द्वारा डायवर्सन की 1862 रूपये की राशि जमा की गई. इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लंबित मामले में ग्राम अरंडिया स्थित दूध डेयरी संचालक अजय पिता कैलाश सिंह सेंधव एवं विजेन्द्र सिंह पिता फ्तेसिंह सेंधव को 2 लाख रूपये जमा करने की हिदायत दी गई.

### चना एवं मसूर के पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च तक होंगे

**शाजापुर, 21 फरवरी.** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2026-27 में फसल चना एवं मसूर के पंजीयन ई उपार्जन पोर्टल पर 20 फ्रवरी से 16 मार्च तक किया जाएगा, इसके लिए जिले में 67 पंजीयन केन्द्र प्रस्तावित किये गए है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने बताया कि किसान पंजीयन आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, जमीन की पावती, बी1, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर आधार से लिंक समग्र आईडी एवं एग्रीटेक आईडी न. इत्यादि का होना अनिवार्य है. किसान भाई अपने नजदीकी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं सहकारी समितियों व सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था एवं एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सरूशुल्क पंजीयन व्यवस्था है. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि चना एवं मसूर के पंजीयन 16 मार्च तक करा लें.

### अपराधिक गतिविधियों में लिप्त चेतन बागरी जिला बदर

**शाजापुर, 21 फरवरी.** जिला दण्डाधिकारी ऋजु बाफ्ना ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थाना शुजालपुर सिटी शीतलानगर शुजालपुर सिटी निवासी 22 वर्षीय चेतन बागरी पिता बाबुलाल बागरी को एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए हैं. जिला दण्डाधिकारी ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें.

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को



**शुजालपुर, 21 फरवरी.** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय शाजापुर एवं सिविल न्यायालय शुजालपुर में किया जाएगा. लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्री-सिटिंग बैठकों का आयोजन किया जा रहा है. तहसील शुजालपुर अंतर्गत अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में संबंधित पक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण, अभिभाषक संघ शुजालपुर के पदाधिकारी व अधिवक्ता तथा बीमा कंपनियों के अधिवक्ता उपस्थित रहे. बैठक के दौरान राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिकतम निराकरण पर जोर दिया गया. विशेष रूप से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलों एवं धारा 138 एन आई एक्ट के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर चर्चा की गई. लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, वैवाहिक, धन वसूली तथा मोटर दुर्घटना दावा संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक अदालत का लाभ उठाएं.

### शर्मा विप्र सेना के शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

**शुजालपुर, 21 फरवरी.** विप्र सेना मध्य प्रदेश ने संगठन विस्तार के तहत एडवोकेट पं. दीपक शर्मा को शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया है. यह नियुक्ति प्रदेश प्रभारी पं. सुनील शर्मा एवं जिलाध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा कालापीपल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष पं. रोहित नागर द्वारा राष्ट्रीय प्रमुख पं. सुनील तिवारी की सहमति से की गई. संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी. नियुक्ति पर समाजजनों ने बधाई दी.

# कृष्णा, भारती और सुदेश के साथ मंच साझा करेंगे नगर के प्रिंस बैरागी

## कलर्स के लॉफ्टर शेफ्स शो में दिखाएंगे अपनी कला, आज होगा शो का प्रसारण

**शाजापुर, 21 फरवरी. कलर्स पर प्रसारित होने वाला लॉफ्टर शेफ्स शो में अब तक नगरवासियों ने कृष्णा, भारती और सुदेश को ही कॉमेडी करते देखा है. लेकिन अब इस शो में नगर की प्रतिभा भी नजर आएगी. जो दर्शकों को गुदगुदाने के साथ ही हैरतंगेज कारनामे भी दिखाएगी. नगर के जादूगर प्रिंस बैरागी आज इस शो में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे.**

शाजापुर की माटी के हुनर की गूंज अब देश के मनोरंजन चौनलों तक पहुंच गई है, शाजापुर शहर में जन्मे देश के सबसे कम उम्र के प्रसिद्ध जादूगर प्रिंस 22 फ्रवरी को कलर्स टीवी के लोकप्रिय रियलिटी शो लॉफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड इंटरटेनमेंट कार्यक्रम में अपनी जादूई कला का प्रदर्शन करते नजर आएंगे. लॉफ्टर शेफ्स में भारती सिंह, कृष्णा, अभिषेक और विक्की जैन जैसे नामी कलाकार अपनी कामेडी से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं. इसी मंच पर जादूगर प्रिंस अपने हैरतअंगेज कारनामों से न केवल इन सेलिब्रिटीज को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर करेंगे, बल्कि देशभर के दर्शकों का दिल भी जीतेंगे.



### युवाओं के लिए प्रेरणा...

देश के सबसे युवा जादूगर का खिताब हो या सबसे कम समय में ड्रेस चौंज करने का रिकार्ड हो, कम उम्र में जादूगर प्रिंस ने अपने नाम कई रिकार्ड स्थापित कर लिए हैं. जादूगर प्रिंस की उपलब्धियों में आज कलर्स टीवी का यह प्रोग्राम भी जुड़ जाएगा. प्रिंस ने यह साबित कर दिया कि अगर हुनर और मेहनत होए तो छोटे शहर से निकलकर भी आसमान की बुलंदियों को छुआ जा सकता है. यह सिर्फ प्रिंस की सफलता नहीं है, बल्कि हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो सपनों को सच करने साहस रखता है.

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, अधेड़ घायल

**शाजापुर, 21 फरवरी.** मोहन बड़ोदिया में शनिवार सुबह एक बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार सत्यनारायण पिता हिंदू सिंह 50 गंभीर रुप से घायल हो गए, यह घटना श्री गंगा ज्ञान हाई स्कूल के सामने हुई. ग्राम बरनावद निवासी सत्यनारायण अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद सत्यनारायण सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फ्रार हो गया. 108 एंबुलेंस के पायलट जितेंद्र कुमार और ईएमटी चंद्रप्रकाश मौके पर पहुंचे. उन्होंने घायल को प्राथमिक इलाज देने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी मोहन बड़ोदिया पहुंचाया. पुलिस के मुताबिक घायल अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हैं. बयान दर्ज होने के बाद ही आगे की जांच की जाएगी.

## ग्राम संपर्क एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम



**सोयतकलां, 21 फरवरी. स्वामी विवेकानंद शा. महाविद्यालय सुसनेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्राम संपर्क कार्यक्रम एवं कैरियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया.**

विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम भ्रमण कर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की. इस दौरान ग्रामीणों को आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया तथा इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी गई. साथ ही कॉलेज चलो अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया तथा शिक्षा से जुड़ने के महत्व पर विस्तार से समझाया गया. ग्राम संपर्क कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों तक पहुंचाई, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके. ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों की पहल की सराहना करते हुए सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की. इसी क्रम में आयोजित बौद्धिक सत्र के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामकुमार अंजोरिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्म.मूल्यांकन के महत्व पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया. उन्होंने युवाओं अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया. समापन अवसर पर स्वयंसेवकों ने समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सीमा मुवेल एवं बद्रीलाल डाबी का विशेष सहयोग रहा. कार्यक्रम का संचालन काशीराम प्रजापति ने आभार सीमा मुवेल द्वारा व्यक्त किया गया.

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

## फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन को लेकर दी जानकारी

**शाजापुर, 21 फरवरी. विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन संबंधी जानकारी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफ्ना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई.**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफ्ना ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन किए जाने की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आमजन अंतिम निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते हैं. यह अंतिम निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है. साथ ही यह भी बताया गया की प्ररूप प्रकाशन के पश्चात दावेध्आपत्ति प्राप्त किए जाने एवं नो मैंपिग के मतदाताओं की सुनवाई में मतदाताओं द्वारा आयोग के निर्धारित दस्तावेजो में से दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यदि किसी मतदाता का नाम सूची से विलोपित हुआ है ऐसे मतदाता का नाम फार्म 6 लिया जाकर जोडने की कार्यवाही सतत प्रक्रिया के दौरान की जाएगी जो निरंतर चालू रहेगी. मतदाताओं द्वारा 29 जनवरी की आयोग की निर्धारित तिथि के उपरांत दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं. उनके फार्म नंबर 6 पोर्टल पर दर्ज भी कर दिये गये हैं. जिसमें जिले की संख्या 1165 मतदाताओं के नाम शामिल हैं. इसके अतिरिक्त भी उपस्थित जनप्रतिनिधियो को बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम विलोपित हुआ हो तो फार्म नंबर 6 प्रमाण के साथ बीएलओ को प्रस्तुत करवाकर या एनवीएसपी पोर्टल से आवेदन किया जा सकता है, जिले में सबसे न्यूनतम स्थिति में मतदाताओ के नाम विलोपित हुए है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफ्ना ने बताया कि फोटो रहित निर्वाचक नामावली 21 फ्रवरी की स्थिति में सूची का प्रदर्शन भी सीईओ की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है. बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को प्रारूप प्रकाशन की फोटोयुक्त मतदाता सूची की मतदान केन्द्रवार सूची की हार्ड कॉपी तथा फोटो रहित मतदाता सूची की डीवीडी उपलब्ध कराई गई. मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकार के द्वारा समपन्न कराये गए कार्य से संतुष्टी जताई गई. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफ्ना ने बताया कि शाजापुर जिले के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में कुल प्ररूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 के समय 6,75,798 मतदाता दर्ज थे, उक्त अवधि के पश्चात 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 दावे आपत्ति की अवधि के मध्य प्राप्त दावे आपत्ति एवं नो मैपिंग के निराकरण के पश्चात 6,84,387 मतदाता दर्ज हुए हैं. जिले का जेण्डर रेशो 931 एवं ईपी रेशो 61.03 वर्तमान में दर्ज है. जिले में फार्म 6 एवं फार्म 8 के मान से 11397 मतदाता के नाम जुड़े है एवं फार्म 7, 8 शिफ्टिंग एवं नो मैपिंग के निराकरण में 3713 मतदाता के नाम विलोपित हुए हैं, प्ररूप प्रकाशन के पश्चात निराकरण उपरांत कुल 8589 मतदाताओं के नाम की बढोतरी हुई है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री बाफ्ना द्वारा 2026 कार्य के संबंध में जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं निर्वाचन स्टाफ तथा विधानसभा स्तर पर ईआरओध्एईआरओ एवं उनके स्टाफ द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की गई एवं सभी बीएलओ व एसआईआर में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया. इस दौरान राजनैतिक दल के उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के उक्त किये गये कार्य की प्रशंसा पर सहमति जताई गई एवं बताया की निर्वाचन कार्यालय द्वारा जनप्रतिनिधियो को समय समय पर सूचना प्रदान की गई एवं जानकारी भी दी गई.

**एक नजर में** — ग्रामीणों ने किया एनएसएस प्रभात फेरी का स्वागत, स्वयंसेवकों ने जुंबा के साथ किया योगाभ्यास

# एनएसएस शिविर में नि : शुल्क स्वास्थ्य व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

**शाजापुर, 21 फरवरी. ग्राम आला उमरोद में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जारी है. चौथे दिन स्वयंसेवकों ने सेवा, स्वास्थ्य और जागरूकता का अनूठा संगम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा के नेतृत्व में प्रस्तुत किया. दिन की शुरुआत भजनों के साथ प्रभात फेरी से हुई, जिसका ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया.**




वरिष्ठ नागरिकों के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने ग्राम के ऐतिहासिक मंदिरों का भ्रमण किया. इसके पश्चात जुंबा नृत्य के माध्यम से आधुनिक योगाभ्यास कर शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया गया. बौद्धिक सत्र में जिला चिकित्सालय शाजापुर के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य व रक्त परीक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों व ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया.

### कैसे जान बचाई जा सकती है यह सिखाया

इस दौरान डॉ. कृपेश कछाड़िया ने मौसमी बीमारियों, व्यक्तिगत स्वच्छता और शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक किया. नर्सिंग ऑफिसर रामबिलास लववंशी ने रक्त समूह, सीबीसी, बीपी, शुगर का परीक्षण किया एवं स्वास्थ्य संबंधित सीपीआर का व्यावहारिक डेमो देते हुए समझाया कि दिल का दौरा पड़ने या सांस रुकने पर गोल्डन ऑवर में कैसे जान बचाई जा सकती है. स्वयंसेवकों ने इस जीवन रक्षक तकनीक का गहन अभ्यास भी किया. मंच पर डॉ. निलेश महाजन, डॉ.सुनील आडवाणी एवं डॉ. प्रवीण कुमार सोनी मंचासीन रहे.

### मच्छर जनित बीमारियों से करना है बचाव...

वहीं शिविर नायक शिवम् परिहार एवं शिविर नायिका कौशल्या पुष्पद के नेतृत्व में परियोजना कार्य के तहत् स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में हैंडपंप के पास जमा गंदगी को साफकर नाली का निर्माण किया और सोखता गड्ढा तैयार किया. जिस पर इकाई एंबेसडर रवि कुमार ने कहा कि नाली निर्माण ओर सोखता गड्ढे का जिसका उद्देश्य जल स्तर में सुधार करना और विद्यालय के छोटे बच्चों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखना है, वहीं स्वयंसेवकों ने शिविर कि पिछली संध्या में ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम का संचालन नीलम कुशवाह एवं पवन मालवीय ने किया तथा आभार प्रो. प्रकाश बर्फा ने माना.